Tender Form sale upto 01.00 pm 29-12-2017
Tender Reciept upto 02.00 pm 29-12-2017
Tender Opening 03.00 pm 29-12-2017
Estimated Cost Rs 1.25 Lacs
Earnest money Rs 2,500/-

दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड
जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2018, जयपुर
**दिनांक 26.01.2018 से 04.02.2018**

## निविदा सूचना संख्याः ज.उ.ह./2018/03

निविदा फार्म शुल्क 200/–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विषय जिस कार्य हेतु निविदा प्रस्तुत की जानी है। | **मेला अवधि में सफाई व्यवस्था** |
| 2. | निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक का पता मय टेलीफोन नं. सहित | मैसर्स ——————————————<br>डाक का पता :———————————<br>————————————————————<br>————————————————————<br>टेलीफोन नं. :———————————<br>पैन नं. ——————————————<br>जीएसटी नं. —————————— |

3. निविदा सूचना संख्याः ज.उ.ह./2018/03 जो '' दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लि., उद्योग भवन, जयपुर के द्वारा जारी की गई है, में वर्णित समस्त शर्तो का पालन करने के लिये हम सहमत है, तथा उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्ते जो सलंग्न पृष्ठो में दी गई है, जिसके समस्त पृष्ठो पर उनमें वर्णित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीक स्वरूप हमने हस्ताक्षर कर दिये है तथा पालन करने के लिये हम सहमत है।

4. कार्य आदेश प्राप्त होने के पश्चात् मेला समन्वयक/ गठित कमेटी के निर्देशानुसार कार्य प्रारम्भ करना होगा। सम्पूर्ण मेला स्थल पूर्णतया स्वच्छ रखा जाना होगा अन्यथा निगम द्वारा निर्धारित हर्जाने का जिम्मेदार रहुॅगा।

5. धरोहर राशि हेतु दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पक्ष में जयपुर में देय राशि.......................... रूपये का डिमान्ड ड्राफ्ट या रोकड जमा की रसीद संख्या .......................... दिनांक.......................... दर्शावें।

निविदादाता के हस्ताक्षर

नोटः– यदि निविदा की दरें उचित नही पाई गई तो नेगोशियेशन की आवश्यकता होने पर सूचित किया जावेगा। निविदादाता का स्वयं या उसका अधिकृत प्रतिनिधि का इस कार्य हेतु कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है।

# दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड
## जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2018, जयपुर
**दिनांक 26.01.2018 से 04.02.2018**

**<u>सफाई व्यवस्था</u>**

**''एच शिड्यूल''**

धरोहर राशि 2500/–

| क्रसं. | कार्य का विवरण | प्रस्तुत दर (सम्पूर्ण मेला अवधि हेतु) |
|---|---|---|
| 1. | मेला ग्राउण्ड पर तथा बाउण्ड्री वाल के पास मेले से पूर्व दिनॉक 20.01.2018 से सम्पूर्ण सफाई करना तथा मेला अवधि में दिनॉक 25.01.2018 से 05.02.2018 तक आवश्यकतानुसार एवं निर्देशानुसार उत्सव स्थल पर सफाईकर्मी एक कलर की वर्दी सहित तैनातकर सम्पूर्ण मैदान, शौचालय, पेशाबघर, स्नानघर व प्रवेश द्वार के बाहर तक सफाई करवाना व कचरा ट्रेक्टर ट्रोली मे डालकर बाहर डम्पिंग स्टेशन पर डलवाना।<br>(उक्त कार्य समस्त सामग्री यथा तगारी, फावडे, झाड़ू, फिनेल, कपूर गोली आदि सहित होगी ) | |

प्रस्तुत दरों में जीएसटी के अतिरिक्त सभी सेवाकर/उपकर शामिल है । जीएसटी नियमानुसार अलग से देय होगा ।
संलग्न निविदा की सभी शर्ते हमें मान्य है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय नाम
पोस्टल पत्ते के साथ
दूरभाष नं.
मोबाईल नं.

# दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड
# जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2018, जयपुर
## दिनांक 26.01.2018 से 04.02.2018

<u>कार्य का नाम – उत्सव स्थल पर सफाई व्यवस्था का कार्य की शर्ते</u>

1. निविदादाता को निविदा बन्द लिफाफों में प्रस्तुत करनी होगी ।
2. लिफाफा मे निविदादाता निम्न दस्तावेज/सूचनाएँ प्रस्तुत करेगा ।
   अ. धरोहर राशि जमा का विवरण ।
   ब. निविदादाता को अल्पकालीन बड़े उत्सव, मेला एवं प्रदर्शनी आयोजन में सफाई व्यवस्था का अनुभव होना आवश्यक है । **बड़े आयोजन से तात्पर्य यह है कि निविदादाता ने किसी विशेष एक अल्पकालीन मेला अथवा प्रदर्शनी आयोजन में कम से कम 0.80 लाख रूपये का कार्य किया हो ।** निविदादाता को उसके द्वारा किये गए कार्य के संतोषप्रद निष्पादन का प्रमाण–पत्र मय कार्य आदेश प्रस्तुत करेगा । इसके अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा । केवल अनुभवी निविदादाताओं को ही कार्य आवंटन किया जावेगा ।
   स. धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट या रोकड़ जमा करायी हो तो रसीद सं. .................................. व दिनॉक ................................ ।
   द. जी.एस.टी./सेवाकर, पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं क्लीयरेन्स प्रमाण–पत्र संलग्न करें ।
   य. निविदादाता एच शिड्यूल में दर अंकित करेगा । और इसमें किसी प्रकार की शर्त अंकित नही करेगा और न ही प्रस्तुत दरों में कॉट छॉट करेगा अन्यथा निविदा अस्वीकार कर दी जावेगी।
3. आदेश प्राप्ति के पश्चात् 2 दिन में 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि नगद/डिमाण्ड़ ड्राप्ट के रूप में जमा करानी होगी । धरोहर राशि का समायोजन प्रतिभूति राशि में कर दिया जावेगा ।
4. किसी प्रकार की टूट फूट, कमी–बेसी एवं किसी प्रकार की क्षति के लिये विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। तथा सामान की सम्पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी मय अग्नि के लिए ठेकेदार स्वयं की होगी । इस हेतु उचित व्यवस्था/बीमा इत्यादि व्यय स्वयं अपने स्तर पर करनी होगी ।
5. भारत–सरकार एवं राज्य सरकार के स्वच्छता अभियान का विशेष ध्यान रखते हुए सम्पूर्ण परिसर हर समय स्वच्छ रखना आवश्यक होगा।
6. सभी सफाईकर्मी यूनिफार्म में होने चाहिये तथा मेला अधिकारी द्वारा जारी प्रवेश पत्र लगा कर रखना होगा । मेला परिसर मे आवश्यकतानुसार सफाईकर्मी हर समय उपलब्ध रहनें चाहिये तथा तत्काल कचरा उठाना/सफाई करने की व्यवस्था होनी चाहिये ।
7. सफाई के दौरान इकठे कचरे को निर्देशानुसार डम्पिग स्थान पर डालना होगा । जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं होगा ।
8. मेले की अवधि दो दिन तक बढ़ाये जाने पर अतिरिक्त कोई राशि देय नही होगी ।
9. सफाई का कार्य मेला समन्वयक/गठित कमेटी के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि तक करना होगा ।
10. किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जावेगा । भुगतान नियमानुसार सभी करो की कटौती करने के उपरान्त चैक द्वारा किया जायेगा । उपर वर्णित शेड्यूल के अलावाा उत्सव स्थल पर ओर कोई भी कार्य कराने हेतु निगम स्वतन्त्र होगी । विवाद की स्थिति में 10 से 25 प्रतिशत की राशि रोकी जावेगी तथा उसका भुगतान विवाद समाप्ति के पश्चात् आदेशानुसार किया जावेगा ।
11. कार्य का निष्पादन मेला समनवयक/गठित कमेटी के निर्देशानुसार पूर्ण करना होगा ।
12. दरें जी.एस.टी. के अतिरिक्त सभी करों सहित प्रस्तुत करनी होगी। जी.एस.टी. नियमानुसार अलग से देय होगा ।
13. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
14. पूर्व में जिन निविदाकारों ने उत्सव में कार्य किया उनका अनुभव आचरण/व्यवहार तथा मेलाधिकारियों के निर्देशें की पालना/ अवहेलना भी निविदा स्वीकृति/ अस्वीकृत का महत्वपूर्ण कारक होगा।
15. किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बतायें स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार निगम को होगा।

16. कार्य आदेश प्राप्ति के दो दिवस के भीतर 500/— रू0 के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा ।

17. सक्षम स्वीकृति के अभाव में किये गये अतिरिक्त कार्य का कोई भुगतान नही होगा । कार्य समय पर व संतोषजनक न पाये जाने पर निगम पेनल्टी लगाने हेतु अधिकृत होगी।

18. निम्न मामलों में अमानत राशि जब्त कर ली जावेगीः—

अ. जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा स्वीकार करने से पूर्व अपनी दर वापस लेता या उसमें संशोधन करता है।

ब. जब निविदा दाता निर्दिष्ट समय के भीतर विहित करार का निष्पादन नही करता है तथा आदेश के बाद प्रतिभूति राशि जमा नही करवाता है।

स. आदेश के बाद कार्य पूर्ण करने में असमर्थ रहता है।

19. ठेकेदार अपनी संविदा को या उसके किसी भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या उप भाड़े (सबलेट) पर नहीं देगा ।

20. असफल निविदादाता की अमानत राशि निविदा को अन्तिम रूप से स्वीकार करने के बाद शीघ्र लौटा दी जावेगी ।

21. सा. वि. एवं ले. नि. भाग II के नियम 68 के प्रारूप सं. 16 में खुली निविदा के लिए शर्ते प्र. सं. 1 से 42 तक लागू रहेगी जो कि मुझे मान्य है ।

22 अपरिहार्य कारणो जैसे प्राकृतिक आपदा, महामारी इत्यादि की वजह से उत्सव आयोजन स्थगित या निरस्त भी किया जा सकता है । जिसके लिये निगम का कोई उतरदायित्व नही होगा तथा जब भी उक्त उत्सव आयोजित किया जायेगा तब समस्त कार्य उक्त निविदा मे स्वीकृत दरो पर ही करना होगा ।

23. देय करों के भुगतान की जिम्मेदारी संवेदक की होगी।

24. सफाईकर्मी की वर्दी का सैम्पल समिति से अनुमोदित करवाना होगा। उत्सव के दौरान सफाईकर्मी बिना वर्दी के पाये जाने पर शास्ति लगाने का अधिकार मेला समन्वयक/गठित कमेटी के पास रहेगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील
टेलीफोन नं. व पता सहित

निम्न दस्तावेज संलग्न करें :—

1. कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र या रूपये 0.80 लाख कार्य करने के आदेशों की छाया प्रतियॉ।
2. पीएफ प्रमाण पत्र/ईएसआई प्रमाण पत्र/सेवाकर पंजीयन प्रमाण पत्र/चुकता प्रमाण पत्र।
3. सहकारी समिति का पंजीयन यदि हो तो ।